न्यायालय भू0 अभिलेख अधिकारी (उपखण्ड़ अधिकारी), बाली, जिला–पाली (राजस्थान) केम्प गोरीया
**पीठासीन अधिकारी : श्री अतुल प्रकाश आई.ए.एस.**
**राजस्व विविध प्रकरण संख्या 12/2021 GCMS No 2021/280**
**दायरा तिथि : 02.11.2021**
**फैसला तिथि : 02.11.2021**

**प्रार्थीगण::–**
ग्रामवासी गोरीया जरिये
सरपंच ग्राम पंचायत गोरीया तहसील–बाली जिला पाली (राजस्थान)

**बनाम**

**अप्रार्थी :–**
राजस्थान सरकार जरिये (भूमिधारी) तहसीलदार, बाली

दिनांक 02.11.2021

**–:: आदेश ::–**

**प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भूराजस्व अधिनियम, 1956**

प्रकरण के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार हैं। प्रार्थीगण ग्रामवासी गोरीया द्वारा कदीमी रास्ते को मौके पर मौजुद स्थिति के अनुसार नक्शे में तरमीम किये जाने बाबत् प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रकरण संस्थापित कर जांच रिपोर्ट तहसीलदार, बाली से ली गई। तहसीलदार, बाली मय पटवारी हल्का, गोरीया व निरीक्षक भू0 अभिलेख बीजापुर ने मौके व रेकर्ड से जांच कर रिपोर्ट पेश की। अपनी रिपोर्ट में निवेदन किया कि ग्राम गोरीया में स्थित भूमि खसरा नंबर 810 व 812 रकबा क्रमशः 13.80 हैक्टर, 0.39 हैक्टर किस्म गै.मु. मगरी राजस्व रिकार्ड में रास्ता दर्ज नहीं होकर राजकीय सिवायचक दर्ज है, परन्तु इन खसरे में से कुल 0.19 हैक्टर भूमि पर कदीमी रास्ता है, जो पिछले कई वर्षो से आम जन के आने जाने के लिये इस्तेमाल हो रहा हैं, इसलिये मौके पर मौजुद कदीमी रास्ते को रास्ता दर्ज किये जाने के साथ नक्शे में तरमीम किये जाने का निवेदन किया। अपनी रिपोर्ट में यह भी वर्णित किया गया कि प्रस्तावित (कदीमी) रास्ता मौके पर चालू है जिससे गोरीया के खसरा नंबर 810 व 812 रकबा क्रमशः 13.80 हैक्टर, 0.39 हैक्टर मेंसे कुल 0.19 हैक्टर भूमि को मौका स्थिति के अनुसार निम्नानुसार रेकर्ड में गैमु. रास्ता दर्ज किये जाने के साथ नक्शे में तरमीम की अनुशंषा की गई:–

| रिकार्ड की वर्तमान स्थिति | | | | रास्ते हेतु उपभोग में ली जा रही भूमि का विवरण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र0सं. | कदीमी रास्ते हेतु उपयोग में लिये जा रहे खसरे का विवरण | खसरे का कुल रकबा एवं किस्म | खातेदार का नाम | खसरा नंबर | रास्ते के उपयोग में लिया जाने वाला रकबा | विशेष विवरण |
| 01 | 810 | 13.80 हैक्टर गै.मु. मगरी | राजकीय सिवायचक | 810/1 | 0.16 हैक्टर गै.मु. रास्ता | |
| 02 | 812 | 0.39 हैक्टर | ––"–– | 812/1 | 0.03 हैक्ट. गै.मु. रास्ता | |

पत्रावली व उपलब्ध रेकर्ड के अध्ययन से हस्तगत् प्रकरण में यह प्रमाणित हैं कि ग्राम गोरीया के खसरा नंबर 810 व 812 रकबा क्रमशः 13.80 हैक्टर, 0.39 हैक्टर किस्म गै.मु. मगरी जो कि राजस्व रेकर्ड में राजकीय सिवायचक दर्ज है, परन्तु इस खसरा नंबर की भूमि में उपरोक्तानुसार कुल 0.19 हैक्टर मौके पर कदीमी रास्ता मौजुद है, इसका अंकन राजस्व रेकर्ड में तथा नक्शे में नहीं है, जिससे उक्त रास्ता से गुजरने वाले लोगो को कठिनाई होने से परिवाद दर्ज किये जाते रहे है, जिसको अप्रार्थी भूमिधारी तहसीलदार, बाली द्वारा जांच रिपोर्ट में स्वीकार करते हुये रेकर्ड शुद्ध किये जाने की अनुशंषा की गई हैं।

पेज लगातार...........02

उपखण्ड अधिकारी
बाली (जिला–पाली) राज.

Scanned with CamScanner

